आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 2.04.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :—

- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उधमसिंहनगर जिले के रुद्रपुर में चुनावी रैली को संबोधित किया।
- श्री मोदी ने भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।
- कांग्रेस ने राज्य के विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क कर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान की अपील की।
- चुनावी जब्ती प्रबंधन प्रणाली के तहत प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 10 करोड़ 71 लाख रुपये जब्त किए गए।

भाजपा रैली
भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है। आज उधमसिंह नगर जिले के रूद्रपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से यहां रोजगार के अवसर बढेगें और लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 सालों में जितना विकास उत्तराखण्ड ने देखा है, उतना विकास पूर्ववती सरकारें स्वतंत्रता के बाद अपने पूरे कार्यकाल में भी नही कर सकी। उन्होंने सीएए के माध्यम से भारत की नागरिकता देने के फैसले के विरोध पर कांग्रेस की आलोचना की। कांग्रेस पर राष्ट्रीय हितो की अनदेखी करने का आरोप लगाया। श्री मोदी ने कहा कि यदि भाजपा फिर सत्ता में आई तो भ्रष्टाचार से निपटने के प्रयास और तेज किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने क्षेत्रीय जनता से प्रदेश की पांचों सीट पर भाजपा को विजयी बनाने का आह्वान किया। भाजपा उम्मीदवार और राज्य मंत्री अजय भट्ट इस सीट से चुनाव लड रहे हैं। उनके सामने कांग्रेस ने प्रकाश जोशी को उतारा है।

चुनावी रैली—2
चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा नेता व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा जीतती है तो तीसरे कार्यकाल में भी अभूतपूर्व निर्णयों का यह क्रम इसी प्रकार चलता रहेगा।

चुनाव प्रचार—कांग्रेस
इधर, कांग्रेस ने भी अपने प्रचार अभियान को तेज कर दिया है। नैनीताल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के आज जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत नैनीताल—उधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र में रैली का आयोजन किया। क्षेत्र के लामाचौड़ चौराहे और चकलुवा में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर कांग्रेस ने मतदाताओं से अपने पक्ष में समर्थन मांगा। वहीं, टिहरी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार जोत सिंह गुनसोला ने जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत उत्तरकाशी विधानसभा के वीरपुर —डुंडा विकासखण्ड में रैली का आयोजन किया और क्षेत्रीय जनता के समक्ष विभिन्न मुद्दों को रखते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा सहित, कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उधर, उत्तराखण्ड क्रांति दल के हरिद्वार लोकसभा सीट से उम्मीदवार मोहन सिंह असवाल ने आज बालावाला, नकरौंदा व अन्य क्षेत्रों में चुनावी रैली व नुक्कड़ सभाएं कर अपना प्रचार किया।

## सुरक्षा व्यवस्था

लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र चंपावत जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में जगह–जगह सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। जिले के पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए एक कम्पनी केंद्रीय औधोगिक सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस द्वारा जगह–जगह फ्लैग मार्च किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में हर वक्त निगरानी व्यवस्था को दुरस्त रखने के लिए छह स्थैतिक निगरानी दल–एसएसटी लगाई गई है और 10 स्थानों पर सर्विलांस टीमें लगी है। श्री गणपति ने बताया कि दूरस्थ व दुर्गम क्षेत्रों के ऐसे मतदान केंद्र जहां इंटरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा नहीं है, उसके लिए पांच स्थानों पर रिपीटर्स लगाए जा रहे हैं।

## निंदा

भारत ने चीन द्वारा अरूणाचल प्रदेश के कई स्थानों के नाम बदलने की लगातार कार्रवाई की कडी निंदा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने बताया कि लगातार मन गढत नामों से अरूणाचल प्रदेश की वास्तविक सच्चाई नही बदल सकती। यह हमेशा से भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत की यह प्रतिक्रिया चीन की बार–बार नाम बदलने की कार्रवाई के बाद आई है। विदेशमंत्री सुब्रमण्यम जयशंकर ने कल कहा था कि नाम बदलने से वास्तविकता नहीं बदल जाती। उन्होंने कहा कि अरूणाचल प्रदेश भारत का राज्य रहा है और हमेशा रहेगा।

## प्रवेश

प्रदेश में पहली अप्रैल से नया शिक्षा सत्र शुरू हो चुका है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट ने बताया कि नया शिक्षा सत्र शुरू होने के बाद दसवीं की बोर्ड परीक्षा दे चुके छात्र ग्यारहवीं कक्षा में औपबंधिक प्रवेश ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा के परिणाम 30 अप्रैल तक घोषित हो जाएंगे और तब तक यदि दसवीं का कोई छात्र पढ़ाई जारी रखना चाहता है तो वह कक्षा ग्याहरवीं में प्रवेश ले सकता है।

## चुनावी जब्ती प्रबंधन

चुनावी जब्ती प्रबंधन प्रणाली के तहत प्रदेश में अब तक 10 करोड़ 71 लाख रुपए की धनराशि जब्त की गई है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही प्रदेश में पहली बार चुनावी जब्ती प्रबंधन प्रणाली को लागू किया गया है। इसके माध्यम से प्रवर्तन एजेंसी, पुलिस विभाग, आयकर विभाग, आबकारी विभाग, कस्टम और अन्य विभाग लगातार कार्रवाई कर चैकिंग कर रहे हैं।

## गिरफ्तारी

प्रदेशभर में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तरकाशी के धरासू में तलाशी के दौरान नौ पेटी अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने बताया कि जिले के दूरस्थ इलाकों में भी पुलिस पूरी तरह सक्रिय है और हर संदिग्ध से पूछताछ की जा रही है।

क्रिकेट ट्रायल

रूद्रप्रयाग जिले में 19 वर्ष बालक आयु वर्ग के जिला स्तरीय क्रिकेट ट्रायल शुरू कर दिए गए हैं। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश जमलोकी ने बताया कि जिले की क्रिकेट टीम का चयन ट्रायल कम लीग के आधार पर होगा। उन्होंने बताया कि ट्रायल में शामिल हो रहे खिलाड़ियों के प्रमाण पत्रों की जांच पूरी की जा चुकी है और जल्द ही ट्रायल के लिए चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी की जाएगी।

जागरूकता अभियान

प्रदेश में अधिक से अधिक मतदाताओं की चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्वीप द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में चमोली जिले के विभिन्न विद्यालयों में छात्र–छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया।